Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-14 **Issue**- 24
Ghaziabad, Sunday, 13 November- 2022

13 November to 19 November- 2022


**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7



## TIRUPATI EYE

### अब महिलाएं कहीं भी जाकर पूरी कर सकेंगी पीएचडी

पीएचडी करने वाली लड़कियों–महिलाओं को अब दूसरी जगह जाकर पीएचडी पूरी करने की छूट मिलेगी। उन्हें बार– बार भाग कर अपने शहर पीएचडी पूरी करने के लिए नहीं आना पड़ेगा। उनका पूरा का पूरा काम दूसरी जगह ट्रांसफर हो सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पीएचडी के नए नियमों में इसे शामिल किया है। इससे पहले 2016 में पीएचडी करने के नए नियम व संशोधन जारी किए गए थे लेकिन अब नई शिक्षा नीति के मुताबिक संशोधन करते हुए यूजीसी ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक शादी के चलते या अन्य कारणों से महिला शोधार्थी दूसरी जगह जाती है और वहां के किसी संस्थान में पीएचडी जारी रखना चाहती है तो उसे अनुमति दी जाएगी। इसमें सभी नियम व शर्तों का ध्यान रखा जाएगा। यह भी ध्यान रखा जाएगा कि शोध मूल संस्थान या पर्यवेक्षक द्वारा किसी वित्त पोषण एजेंसी से प्राप्त न किया गया हो। इस नियम के तहत शोधार्थी का अब तक का किया पूरा काम ट्रांसफर हो जाएगा। हालांकि शोधार्थी को उस हिस्से का क्रेडिट अपने मूल संस्थान व सुपरवाइजर को देना पड़ेगा। अभी तक महिला शोधार्थियों को दो वर्ष का अतिरिक्त समय शोध पूरा करने के लिए दिया जाता था। वहीं इस दौरान मातृत्व अवकाश व बाल्य देखभाल अवकाश के रूप में अधिकतम 240 दिनों की छुट्टी की सुविधा भी थी।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर और गाजियाबाद सेंट्रल ने टीबी से ग्रसित ग्रसित 50 बच्चों को बांटी पौष्टिक आहार की किट

## आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने 50 बच्चों को बांटा न्यूट्रिशन फूड







**गाजियाबाद।** नोएडा सेक्टर-110 यथार्थ हॉस्पिटल के पास बंघेल के प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र पर रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में टीबी से ग्रसित 50 बच्चों को न्यूट्रिशन फूड बांटा। इसके साथ ही बच्चों को पोषाहार बांटकर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को न्यूट्रिशन फूड में हॉर्लिक्स,दाल, चना, दलिया, सोयाबीन, गुड, प्रोटीन और अन्य पौष्टिक आहार के पैकेट बांटे गए हैं। बतौर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो ललित खन्ना, प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर यतेंद्र और डा धीरज कुमार भार्गव ने संयुक्त रूप से शिविर की शुरूआत की। रो ललित खन्ना ने बताया कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब लंबे समय से समाज की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। फिलहाल, टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार किट देने का अभियान शुरू किया गया है। अभियान के अंतर्गत 50 मरीजों को छह महीने के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूट्रिशन फूड मिलने से बच्चों के भीतर बीमारियों से लड़ने के क्षमता विकसित होगी। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब लगातार स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आगे भी भविष्य में इसी तरह से काम किया जाएगा। वहीं डाक्टर यतेंद्र और डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल की टीबी टीम से अम्बुज पांडेय ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और क्लब का टीबी मुक्त अभियान में सराहनीय योगदान कर रहे हैं। इससे बच्चों को संतुलित आहार मिल रहा है इसके साथ ही मरीज बीमारी के प्रति जागरूक हो रहे हैं। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर रोटरी क्लब, रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन और आरएचएएम फाउंडेशन दिल्ली-एनसीआर में टीबी से ग्रसित लोगों को पौष्टिक आहार की किट देकर लाभांवित कर रहे हैं। डॉ भार्गव ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन की ओर से गाजियाबाद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर 500 से अधिक बच्चों को गोद लिया गया है। इसके साथ ही टीबी से ग्रसित लोगों का बीमारी के प्रति नजरिया बदलने लगा है। इससे मरीजों के भीतर बीमारी से लड़ने के लिए सकारात्मकत सोच पैदा होगी। डॉ भार्गव का कहना है कि सकारात्मक सोच से किसी भी बीमारी को आसानी से हराया जा सकता है। उन्होंने सभी आंगुतकों का आभार जताया। इस अभियान में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव और रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष रो प्रदीप गुप्ता ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब तक देश टीबी मुक्त नहीं हो जाता है तब तक उनका न्यूट्रिशन फूड बांटने का अभियान इसी तरह जारी रहेगा। कार्यक्रम में लोगों को पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही पौधे बांटे गए। इस मौके पर रो दयानंद शर्मा, रो प्रदीप गुप्ता, रो दयाराम यादव, रो अपूव राज आदि मौजूद रहें। डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल की टीबी टीम से इंदर, पवन भाटी, अमर सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए14 नवंबर तक कराए पंजीकरण





**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की अग्रसेन भवन लोहिया नगर में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 24वां विवाह योग्य ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य संयोजक जेके गौड़ ने बताया कि परिचय सम्मेलन में प्रतिभाग के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 10 नवम्बर निर्धारित की गई थी, मगर अब 14 नवम्बर तक पंजीकरण किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रति समाज के नागरिकों का रूझान बढने पर यह निर्णय लिया गया है। पंजीकरण के बाद युवक-युवती का संपूर्ण विवरण ब्राह्मण गौरव पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा व आयोजन समिति के मुख्य संयोजक आदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राजधानी में प्रगति मैदान में 11 से 19 फरवरी तक किया जाएगा विशाल आयोजन

## प्रधानमंत्री कर सकते हैं इस युवा स्वरोजगार मेले का उद्घाटन, भागवत करेंगे समापन

**नई दिल्ली।** भारत को गरीबी मुक्त करने के अपने अतिमहत्वाकांक्षी अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राष्ट्रीय राजधानी में विशाल आयोजन की तैयारी की है। प्रगति मैदान में आयोजित किए जाने वाले युवा स्वरोजगार मेले में 10 लाख से अधिक लोगों को साथ लाकर देश में ह्यरोजगार क्रांति' का श्रीगणेश किया जाएगा। यह आयोजन अगले वर्ष 11 से 19 फरवरी तक होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सरसंघचालक मोहन भागवत का मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। इसमें देश के प्रमुख उद्यमियों, कृषि व रोजगार विशेषज्ञों, केंद्रीय मंत्रियों व संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। यह संघ परिवार का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। इसके पहले वर्ष 1999 में संघ के आनुषांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने प्रगति मैदान



में ही एक आयोजन किया था, जिसमें करीब पांच लाख लोग जुटे थे। फरवरी में होने वाले नौ दिवसीय आयोजन में देशभर के हजारों बाजार व उद्योग संगठन, चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) एसोसिएशन, स्कूल, क्लब, आरडब्ल्यूए, डाक्टर, पूर्व सैनिक, बुनकर, कारीगर, मछुआरे, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किसान संगठन, जनप्रतिनिधि, नौकरशाह व सेवा क्षेत्र समेत कुल 30 विभिन्न क्षेत्रों से लाखों लोग जुटेंगे। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख दीपक शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में सफल उद्यमियों के प्रेरक गुरु मंत्र के साथ प्रतिदिन तीन वृहद् विचार मंथन होंगे। स्वरोजगार को दशार्ते उत्पादों के स्टाल लगाए जाएंगे।

### तय होगा रोडमैप

इस स्वरोजगार महामेले में स्वरोजगार की दृष्टि से भविष्य के भारत का रोडमैप तैयार किया जाएगा। युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर, असंगठित क्षेत्र को बदलती वैश्विक चुनौतियों से लड़ने के लिए सक्षम और सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें संगठित होने और सहकारिता से जोड़ने का खाका तैयार किया जाएगा। विश्व की जरूरतों को समझते हुए देश के छोटे-छोटे काम करने वाले करोड़ों लोग किस प्रकार से सशक्त हो सकते हैं और देश में उत्पादन को बढ़ावा देने समेत अन्य विचार बिंदुओं पर मंथन होगा।

### संघ का लक्ष्य हर हाथ को मिले काम व आत्मनिर्भर हो भारत

कोरोना महामारी के कारण देश में बढ़ी बेरोजगारी की समस्या, चीन सीमा विवाद व रूस-यूक्रेन युद्ध से बढ़ती वैश्विक अस्थिरता को देखते हुए संघ ने स्वरोजगार व आत्मनिर्भर भारत के मोर्चे पर भी काम करना शुरू किया है। उसने ह्यस्वावलंबन भारत' अभियान शुरू कर देश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन डालर का बनाने के साथ ही हर हाथ को काम और देश को गरीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। विशेष बात यह है कि उसके मार्गदर्शन व स्वदेशी जागरण मंच के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), विश्व हिंदू परिषद (विहिप), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), लघु उद्योग भारती, भारतीय किसान संघ, ग्राहक पंचायत, सहकार भारती, सक्षम, भारतीय मजदूर संघ समेत आरएसएस के कुल 15 आनुषांगिक संगठन जुड़े हुए हैं।

# थैले में बंद कर नवजात को सड़क किनारे फेंका

**गाजियाबाद।** नंदग्राम इलाके में नवजात बच्ची प्लास्टिक के थैले में सड़क किनारे पड़ी मिली। प्राथमिक इलाज देने के बाद उसको ऋळइ हॉस्पिटल दिल्ली के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस अब ये जांच में जुटी है कि ऐसा किसने किया। इस बात का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास इलाके के सारे उउळश कैमरों की फुटेज देख रही है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब चार बजे उन्हें सिहानी गांव के नजदीक बच्ची पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

बच्ची एक थैले के भीतर थी। शुक्र रहा



कि जानवरों ने उसे नहीं नोंचा। वरना जान तक जा सकती थी। पुलिस तुरंत बच्ची को गाजियाबाद के टटऋ हॉस्पिटल में ले गई। यहां से बेहतर इलाज के लिए उसे दिल्ली जीटीबी रेफर कर दिया।

# मस्जिद के बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ने पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** खोड़ा इलाके में मस्जिद के बाहर सड़क पर बैठकर नमाज पढ़ी गई। एक व्यक्ति की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने जांच करने के बाद मस्जिद के इमाम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। हिन्दू संगठन से जुड़े विकास तिवारी ने ट्विटर पर शिकायत करते हुए कहा कि खोड़ा के दीपक विहार में मस्जिद के बाहर कुछ लोग दरी बिछाकर नमाज पढ़ते हैं, जबकि मस्जिद खाली रहती है। विकास का कहना है कि कई बार पहले भी वो शिकायत कर चुके हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई।



उत्तर प्रदेश पुलिस ने ट्विटर पर ही गाजियाबाद पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस पर गाजियाबाद पुलिस ने ट्वीट करके जवाब दिया है कि खोड़ा थाने की पुलिस के माध्यम से फोटो की तस्दीक कराई जा रही है। इस मामले में रविवार देर शाम सब इंस्पेक्टर प्रेम सिंह ने मस्जिद के इमाम मोहम्मद नाजिर हुसैन के विरुद्ध धारा-144 का उल्लंघन करने और सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने का मुकदमा खोड़ा थाने में दर्ज कराया है।

नाजिर हुसैन बिहार में कटिहार जिले के गांव पिंदाल के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में ये वीडियो बीते शुक्रवार की पाई गई है। दरअसल, प्रदेश सरकार पहले ही कह चुकी है कि सड़कों पर नमाज नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कई जिलों में बाकायदा अभियान चलाया गया।



तिरूपति बालाजी क्रोनिकल
TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

# गाजियाबाद में जल्द होगा 64 फीसदी भवनों का निर्माण कार्य

**गाजियाबाद।** एनसीआर के तीन जनपदों में भवनों के निर्माण के लिए जल्द ही एक प्रोजेक्ट शुरू होगा। इसमें 64 फीसदी भवनों का निर्माण अकेले गाजियाबाद में करने का निर्णय लिया गया है। रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में सितंबर माह में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और मेरठ में कुल 12 प्रोजेक्ट पंजीकृत हुए। 12 में से सात प्रोजेक्ट अकेले गाजियाबाद के हैं। एनसीआर के तीनों जनपदों के कुल प्रोजेक्ट में 3841 यूनिट फ्लैटों का निर्माण होना है। इसमें से गाजियाबाद में 2457 यूनिट भवनों का निर्माण होगा। वहीं प्रदेश स्तर पर बनने वाले कुल 8116 फ्लैटों में से गाजियाबाद की विभिन्न परियोजनाओं में 30 प्रतिशत भवनों का निर्माण होगा। व्यापार और



रोजगार के बेहतर अवसर को देखते हुए लोग एनसीआर में बसने को पहली प्राथमिकता दे रहे हैं। एजुकेशन हब के नाम से मशहूर गाजियाबाद में देश के टॉप पब्लिक स्कूल और मैनेजमेंट कॉलेज हैं। वहीं प्रदेश के टॉप इंजीनियरिंग कॉलेजों में महानगर के पांच से अधिक संस्थान शामिल हैं। ऐसे में निजी विकासकर्ता गाजियाबाद में नए आवासीय प्रोजेक्ट लाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। सितंबर के साथ अगस्त माह में भी गाजियाबाद में दो आवासीय प्रोजेक्ट का रेरा में पंजीकरण हुआ। इन दोनों परियोजनाओं में कुल 400 यूनिट भवनों का निर्माण होना है। ऐसे में अगस्त और सितंबर माह में कुल यूनिट भवनों की संख्या 2857 तक पहुंच जाती है। बीते एक दशक में हुए तमाम विकास कार्यों के कारण कनेक्टिविटी के मामले में गाजियाबाद ने एनसीआर ने लंबी छलांग लगाई है। बीते साल अप्रैल में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से नोएडा और दिल्ली का सफर घंटों की जगह मिनटों का रह गया। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के कारण शहर की अंदरूनी सड़कों पर लगने वाला वाहनों का रेला पूरी तरह से खत्म हो गया। मेट्रो के कौशांबी से वैशाली ब्लू लाइन और शाहदरा से शहीद स्थल बस अड्डा मेट्रो की रेड लाइन से सफर और आसान हो गया। इसकेबाद देश की सबसे लंबी सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड, मेरठ रोड को एनएच-9 से जोड़ने वाली न्यू लिंक रोड ने यातायात को रफ्तार दी। अब मार्च 2023 में देश की पहली रीजनल रैपिड रेल गाजियाबाद में दौड़ेगी।

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष व गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ का कहना है कि एनसीआर का हिस्सा और राजधानी से निकटता के कारण आवासीय योजनाओं की मांग बढ़ी है। कोरोना के दो साल बाद रियल एस्टेट में बड़ा उछाल देखा गया है। आने वाले महीनों में एनसीआर क्षेत्र में और नई आवासीय प्रोजेक्ट पंजीकृत होते दिखेंगे। अभी तीन बीएचके और उससे बड़े लग्जरी आवासीय प्रोजेक्ट की मांग है।

## गणपति इंस्टीटयूट में आंखों की जांच के लिए लगा निशुल्क नेत्र शिविर



**साहिबाबाद।** मोहन नगर स्थित गणपति इस्टीटयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी में आंखों की जांच के लिए निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें डॉ जसदीप कौर व उनकी टीम ने लोगों की आंख की जांच करते हुए उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में 100 से अधिक छात्रों और अन्य लोगों ने शिविर में अपनी आंखों की जांच कराई। मरीजों को दृष्टिविजन कार्ड भी बांटे गए। इस मौके पर डॉयरेक्टर आयुष शर्मा, डॉ प्रदीप कुमार, कालेज के चेयरमैन उमेश शर्मा, प्राचार्या दीप शिखा शर्मा आदि मौजूद रहे। उन्होंने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## हिंडन एयरपोर्ट से फिर शुरू होगी पिथौरागढ़ की उड़ान

**गाजियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए खास खबर है। पिथौरागढ़ के लिए विमान शीघ्र जल्दी शुरू होने के आसार बढ़ गए हैं। विमानन मंत्रालय ने निजी कंपनी स्पाइसजेट को इस रूट पर विमान उड़ान सेवा शुरू की अनुमति दे दी है। इसके अलावा अगले कुछ महीनों में लखनऊ या प्रयागराज के लिए भी उड़ान सेवा शुरू की जानी है।

वर्ष 2019 से शुरू हुए हिंडन एयरपोर्ट से मौजूदा समय में कर्नाटक के हुबली और कलबुर्गी एयरपोर्ट के लिए ही उड़ान सेवा संचालित है। हालांकि, शुरूआत वर्ष 2019 में पिथौरागढ़ के लिए उड़ान सेवा से हुई थी, लेकिन कुछ महीने चलने के बाद तकनीकी दिक्कतों के चलते उड़ान सेवा अस्थाई तौर पर बंद हो गई। इसे नए सिरे से शुरू करने की कवायद चल रही है। इसके तहत स्पाइसजेट कंपनी ने 19 सीटर विमान के





साथ विमान सेवा शुरू करने की अनुमति हासिल की है। कंपनी को सितंबर महीने के आखिरी सप्ताह में आरसीएस रूट के तहत अनुमति दी गई है। बीते महीने ही हिंडन एयरपोर्ट आए केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा था कि सरकार छोटे शहरों को हवाई मार्ग के जरिए दूसरे शहरों से जोड़ने पर तेजी से काम कर रही है। हिंडन एयरपोर्ट निदेशक सरस्वती वेंकट ने कहा कि हिंडन-पिथौरागढ़ रुट के लिए कंपनी को अनुमति मंत्रालय स्तर से दे दी गई है। कंपनी अन्य प्रक्रिया पूरी कर उड़ान सेवा शुरू करेगी। आने वाले दिनों में हिंडन से कई शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू करने की तैयारी है। सबसे पहले प्रयागराज या लखनऊ की फ्लाइट शुरू होगी। लखनऊ राजधानी होने के कारण गाजियाबाद तथा नोएडा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी की आवाजाही होती है। इलाहाबाद में उच्च न्यायालय होने की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहर के लोगों को लाभ होगा।

## वार्ड 37 के भाजपा पार्षद की चाय पर चर्चा, लोगो की समस्या सुनीं



**गाजियाबाद।** शहर में निकाय चुनाव आते ही मीटिंग का दौर शुरू हो गया। वार्ड 37 में भाजपा पार्षद की चाय पर चर्चा हुई। विक्रम एन्क्लेव वार्ड 37 में भाजपा नेता उदयवीर चौधरी के यहाँ चर्चा हुई। मुख्य विंदु यह रहा की जिसके बोट नही बने है उनका बोट बनाया जाय वही घर घर जाकर लोगो को भाजपा सरकारी की योजनाओं की जानकारी देना । उदयवीर चौधरी ने कहा इस बार भी भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनायेगे । भाटी ने सुबह क्षेत्र का दौरा करके लोगो की समस्याओं को भी सुना जहाँ कूड़ा नजर आया उसे तुरंत सफाई सुपरवाइजर को बुलाकर कूड़ा उठवाया। मीटिंग में पार्षद सरदार सिंह भाटी, राजेन्द्र धिगिया, रविन्द्र चड्ढा, अनिल सक्सेना, रविन्द्र चौधरी, अजय शर्मा, चन्द्र मोली बालकिशन शर्मा शोभनाथ चौहान आदि लोग रहे मौजूद ।

## लोगों के लिए मुसीबत बने बंदर, निगम और वन विभाग नही चला रहे कोई अभियान



**गाजियाबाद।** शहर में बंदर लोगों के लिए आफत बन गए हैं। हर गली और मोहल्ले में बंदरों के झुंड घूम रहे हैं। उनकी दहशत से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घरों से बाहर निकलने पर कतराते हैं। बंदरों के हमलों से रोजाना 20 से 30 लोग उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि बंदरों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम या वन विभाग ने पांच साल से अभियान ही नहीं चलाया। यही वजह है कि शहर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहर की हर कॉलोनी और सोसाइटी में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। रोजाना बंदरों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। लोग शिकायत लेकर कभी नगर निगम तो कभी वन विभाग के पास जा रहे हैं। लेकिन लोगों को बंदरों से राहत नहीं मिल रही। कई कॉलोनी में बंदरों की दहशत से लोग घरों से बाहर निकलते हुए डरते हैं। लोगों का कहना है कि ज्यादातर बंदर सामान छिनने के लिए हमला कर देते हैं। संबंधित विभागों ने बंदरों के खाने-पीने और रहने की कोई व्यवस्था नहीं की। नगर निगम और वन विभाग में सुनवाई होने से नाराज लोग मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर रहे हैं। ईस समय प्रताप विहार, क्रॉसिंग रिपब्लिक, राजनगर एक्सटेंसन, गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, चिरंजीव विहार, संजयनगर, अवंतिका, नंदग्राम,कविनगर, सैन विहार, वसुंधरा, शालीमार गार्डन,वैशाली, अर्थला, इंदिरापुरम आकाशनगर आदि कॉलोनियों में बंदरों का ज्यादा आंतक हैं।

## लोनी में 48 जोड़े शादी के बंधन में बंधे, वर-वधू को आशीर्वाद देकर विदा किया



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत लोनी विकास खंड में 48 जोड़े शादी के बंधन में बंध गए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमर जीत सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति के 12, सामान्य वर्ग के 12, अल्पसंख्यक वर्ग के 05 और अन्य पिछड़ी जाति के 19 जोड़ों ने प्रतिभाग किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि लोनी विका खंड से 19, गाजियाबाद नगर निगम सिटी जोन से 11, विजय नगर जोन से 01 और गाजियाबाद मोहन नगर जोन से 03, नगर पालिका परिषद मुकन्दपुर खोड़ा के 13 और नगर पालिका परिषद मुरादनगर की एक कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। जिले में कुल 167 वर व वधु शादी के बंधन में बंध गए हैं। आयोजित कार्यक्रम में रीना भाटी, नगर पालिका परिषद, मुकंदपुर खोड़ा नगर पालिका से कोमल गुर्जर आदि मौजूद रहे। अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही नवविवाहिता के 35 हजार की धनराशि कन्या के खाते में भेजी गई। दस हजार एवं छह हजार खान-पान व टेंट आदि के लिए कुल 51 हजार रुपए प्रति जोड़ों की दर से दी गई।

# Editorial

## A necessary signal: On COP27 U.N. Climate meeting

The 27th session of the Conference of Parties (COP) is underway at Egypt's sea-side city of Sharm el-Sheikh where, over two weeks, heads of government, diplomats, business heads, activists, journalists, and lobbyists will converge. The attempt is to inch ahead on a global rehaul of energy consumption to improve earth's chances against catastrophic climate change. While every COP ends with a hard-bargain document, the essential principle remains constant: how to ensure that all countries contribute to paying for what it takes to avoid the consequences of global warming without compromising on economic development, while accounting for their historical responsibility in exacerbating the crisis. There are several countries, especially island nations, that stand to lose the most from global warming without having a role in causing it. Given that COP agreements are non-binding on the signatory member-states, and volte-faces not unusual — such as the United States unilaterally exiting the agreement only to join again — these meetings also serve as a forum for public posturing. Countries announce their commitment to lofty environmental goals but do little to execute the often-stringent measures that these entail because they potentially involve political blowback. However, COPs do serve as an effective nudge. Even a decade ago, the link between global warming and climate change had sizeable critics; now, no country challenges fundamental science. A fossil fuel-free future is the direction that the world is moving towards. It is thus appropriate that COP27 is viewed as the so-called 'implementation CoP', to borrow a term from Sameh Shoukry, Egyptian Foreign Minister and President, COP27. Shifting from fossil fuels to renewable sources is expensive and the large developing countries (India, China, Brazil, South Africa) while committing to a carbon-free future also underline their right to rely on fossil fuels in the interim.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Suryakumar Yadav is already Player of the Tournament for me in T20 World Cup 2022: Gautam Gambhir




Former batter Gautam Gambhir reckoned that Suryakumar Yadav should get the Player of the Tournament award in the 2022 edition of the T20 World Cup in Australia. The 32-year-old Yadav is currently the second-highest run-scorer for the Men in Blue in the mega event, having scored 225 runs from five matches at an average of 75 and a strike rate of 193.96. After scoring half-centuries against the Netherlands and South Africa, Suryakumar played an unbeaten 25-ball knock of 61 against Zimbabwe on Sunday with the help of six fours and four sixes.

Batting at No.4, the Mumbai-born Yadav helped India post a massive score of 186 for the loss of five wickets in 20 overs.

"We have spoken a lot about him. Players like Virat Kohli, Rohit Sharma and KL Rahul are very orthodox. Suryakumar is different. India haven't had these kinds of players, especially batting at No.4," Gambhir was quoted as saying to Star Sports.

"He has scored above 200 runs with three half-centuries. For me, he is the Player of the Tournament already for the kind of impact he has had even if India do not go on to win the World Cup," he added.

Yadav also became the first Indian batter and the second overall after Pakistan's Mohammad Rizwan to score above 1000 T20I runs in a calendar year.

Yadav's knock made sure that India finished on top of the points table in their Super 12 Group after securing a comprehensive 71-run win over Craig Ervine's men at the iconic Melbourne Cricket Ground. India are now scheduled to lock horns with Jos Buttler's England in the second semi-final on Thursday, November 10 in the same venue in Adelaide.

# Kidambi Srikanth beats Jonatan Christie to storm into semi-finals

Star Indian shuttler Kidambi Srikanth stunned world no. 7, Jonatan Christie, to storm into the men's singles semifinals of the Hylo Open Super 300 in Germany. The Indian world number 11, who last won a title way back in 2017, dispatched the Indonesian 21-13, 21-19 in 39 minutes to extend his head-to-head count to 6-5. Srikanth, who clinched a historic silver at the 2021 World Championships, will face world no. 6 Anthony Sinisuka Ginting in the semifinals later on Saturday.




Anthony has a 3-2 head-to-head count against the Indian. In the women's doubles quarterfinals earlier in the day, Treesa Jolly and Gayatri Gopichand defeated Chinese Taipei's Hsu Ya Ching and Lin Wan Ching 21-17, 18-21, 21-8. The eighth-seeded Thai team of Benyapa Aimsaard and Nuntakarn Aimsaard will compete against the Indian team that won the bronze medal at the 2022 Commonwealth Games. Chirag Shetty and Satwiksairaj Rankireddy, who are now ranked eighth in the world, lost their men's doubles quarterfinal match to England's seventh-seeded team of Ben Lane and Sean Vendy. The Indian badminton team lost 21-17 and 21-14 and was eliminated from the competition.

# Gabriel scores as Arsenal beat Chelsea 1-0 to go top of the league table

Arsenal defender Gabriel Magalhaes scored the only goal of the game as Arsenal beat Chelsea 1-0 at Stamford Bridge. Arsenal's win over their London rivals took them two points over Manchester City, at the top of the Premier League table.

The Brazilian center-back converted a Bukayo Saka corner in the 63rd minute to secure three crucial points for the Gunners. As for Chelsea, they suffered back-to-back losses in the league, having lost 4-1 at the hands of Brighton last week.

Pierre-Emerick Aubameyang, facing his former club for the first time since leaving the club for Barcelona in January, was kept quiet until he was taken off after the opening goal.

Arsenal's new signing Gabriel Jesus had the best chance of the game in the first half but put his header wide from close range. Meanwhile, Chelsea rarely threatened



Arsenal goalkeeper Aaron Ramsdale until Kai Havertz ran onto a ball in the area in the 34th minute but could only force a routine save.

In the second half, Saka's corner found Gabriel, who gave the Gunners a much-deserved lead. Saka then had a chance to double Arsenal's lead in the 68th minute but blasted his shot well over the bar from a difficult angle.

Chelsea pushed their players forward in the dying minutes of the game but couldn't find the crucial goal, a problem that has persisted for a long time.

Speaking after the match, Arteta said the composure and resilience his team showed was phenomenal against a strong side.

# Lovlina Borgohain, Mohammad Hussamuddin advance to the semi-finals

Lovlina Borgohain and Mohammad Hussamuddin have advanced to the semi-finals of the ASBC Asian Elite Boxing Championships in Amman, Jordan. India's contingent has been impressive at the ongoing World Boxing Championships.

Two-time Commonwealth Games bronze medallist Mohammad Hussamuddin beat South Korea's Haengseok Lee in the quarter-final bout to advance to the last-4 stage.



Hussamuddin fell behind early on with his rival landing clean punches in the opening round. But Hussamuddin went all out in the next two rounds to dominate his way to a 5-0 win and guarantee yet another medal for India at the World Championships. The 28-year-old will now face the 2021 World Championships silver medallist Serik Temirzha in his semi-final bout on November 10. Earlier, Lovlina Borgohain beat Valentina Khalzova of Kazakhstan to progress to the semi-final stage. The 25-year-old had to work hard to earn a 3-2 split decision victory against the 2016 world champion Khalzova. The Assam boxer has moved up weight categories to the 75kg division as her former weight class doesn't feature in the upcoming Paris Olympics.

# हापुड़ में रोटरी क्लब ने 100 बेटियों को बांटे सेनेटरी पैड

**हापुड़ के बिहारी आश्रम कन्या विद्यालय में सेनेटरी पैड बांट कर बेटियों को किया जागरूक**





**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे। हापुड़ के बिहारी आश्रम कन्या विद्यालय में सेनेटरी पैड बांटने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें बेटियों को सेनेटरी पैड बांटने के साथ ही इस्तेमाल के तौर तरीके भी बताए गए। रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट के अध्यक्ष रो पारित अग्रवाल ने कहा कि रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में बेटियों को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटे गए हैं। इससे पहले सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को साक्षरता अभियान के अंतर्गत पाठ्य सामग्री बांटकर लाभान्वित किया गया था। एजी ( असिस्टेंट गवर्नर ) रो अशोक ग्रोवर ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब के सहयोग से आगे भी जरूरतमंद महिलाओं की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर रो डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि वसुंधरा में सेनेटरी पैड बैंक बना है। सेनेटरी पैड बैंक के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न जनपदों में महिलाओं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों को सेनेटरी पैड बांटने के साथ गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस मौके पर रोटरी क्लब की सचिव तन्मय मित्तल, रो सिन्नी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रो विनीत अग्रवाल, रो पारित अग्रवाल, वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए बैठक का आयोजन



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में डेंगू पर नियंत्रण हेतु महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। इसमें मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी ने डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी ने कहा कि सर्विलांस की गतिविधियां बढ़ाई जाएं। सभी नगर निगमों एवं स्थानीय निकायों द्वारा साफ-सफाई, फॉगिंग, एण्टी लार्वा स्प्रे के लिए विशेष अभियान किए जाएं। डेंगू से प्रभावित मरीजों के लिए मिशन मोड में डॉक्टर एवं दवाओं की उपलब्धता की जाए और अस्पताल में पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज को हर हाल में जरूरी उपचार प्राप्त हो सके।

बीमार व्यक्ति को दवा के साथ-साथ उसके साथ अच्छा व्यवहार हो तो वह मरीज जल्द से स्वस्थ होता है। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को डेंगू की रोकथाम की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए फील्ड में जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। डेंगू से प्रभावित मरीजों के लिए मिशन मोड में डॉक्टर एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रहे।

यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज को हर हाल में जरूरी उपचार प्राप्त हो। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज की गहनता से जांच कराई जाए और समय रहते ही उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए उन्हें दवा का भी प्रबंध कराया जाए। इन दिनों में लोगों को अपनी गिरफ्त में लेने वाली बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किए जाने के भी विशेष निर्देश दिए।

हर इलाके में जाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाए ताकि इन दिनों होने वाली बीमारियों से लोग बच सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा आम जनमानस के लिए मुहैया कराई गई सभी सुविधाओं का लाभ प्रत्येक मरीज को दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए, यदि बीमार व्यक्ति को दवा के साथ-साथ उसके साथ अच्छा व्यवहार हो तो वह मरीज जल्द से स्वस्थ होता है। इन दिनों बुखार के मरीजों में एकाएक इजाफा होने के बाद जहां एक तरफ स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी इसे गंभीरता से ले रहे हैं। इसी क्रम में बैठक से पूर्व मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे0 द्वारा डेंगू एवं संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त सर्वप्रथम जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर गाजियाबाद पहुंची एवं इसके उपरांत जिला एमएमजी चिकित्सालय पहुंची जहां उन्होंने अस्पताल का सघनता से निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने अस्पतालों में साफ-सफाई से लेकर अन्य कई सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए जाने के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में संबंधित चिकित्सकों को अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं को सुगमता से उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले किसी भी मरीज को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मरीजों का सही समय पर उचित उपचार और उन्हें दवा भी उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा संबंधी हर पहलू को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी विशेष निर्देश दिए।



# 'सुरक्षित व संरक्षित यातायात सुविधा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला




**गाजियाबाद।** सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए 'विद्यालयों के द्वारा बच्चों के लिए सुरक्षित व संरक्षित यातायात सुविधा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए 'विद्यालयों के द्वारा बच्चों के लिए सुरक्षित व संरक्षित यातायात सुविधा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आई टी एस मोहन नगर के सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। जिसमें लगभग 120 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विनोद कुमार मिश्र- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्वागत उद्बोधन दिया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा, डॉ शिखा दरबारी (आईआर एस), एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक आशीष पांडे, एआरटीओ मनोज मिश्रा व राहुल श्रीवास्तव तथा एआरटीओ गौतम बुध नगर दीपक शाह आदि मौजूद रहें। डॉ शिखा दरबारी ने अपने उद्बोधन में विभिन्न घटनाओं के उदाहरण देते हुए व उसमें हुई गलतियों को इंगित करते हुए सावधानी रखने पर सभी का ध्यान दिलाते हुए कहा कि अधिकांशतः बसों से उतरते हुए और चढ़ते हुए दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। इसके लिए बस कंडक्टर, गार्ड और महिला शिक्षक या गार्ड का होना अत्यंत आवश्यक है।

एआरटीओ राहुल श्रीवास्तव ने उपस्थित प्रधानाचार्य से संवाद स्थापित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों के उत्तर दिए।इसके साथ ही अल्पाहार के लिए छोटे से ब्रेक के बाद मुख्य वक्ता की भूमिका में आरएन कुशवाहा (पुलिस अधीक्षक यातायात) ने अत्यंत सहज और स्वाभाविक रूप से यातायात नियमों के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति कितना अनुशासित और शिक्षित है यह बात उसके द्वारा सड़क पर किए गए व्यवहारों से ज्ञात होती हैं। व्यक्ति की सहनशक्ति तत्परता एवं नियमों के अनुपालन की क्षमता को देखते हुए किसी भी व्यक्ति के चरित्र को सही प्रकार आंका जा सकता है। अत्यंत संवेदनशील मुद्दों पर बात करते हुए प्रभावशाली ढंग से एसपी ट्रैफिक ने विद्यालयों की चरित्र निर्माण हेतु जिम्मेदारी तय की। एआरटीओ मनोज मिश्रा एवं दीपक शाह ने परिवहन से संबंधित नियम व शर्तें तथा स्कूली वाहनों हेतु जरूरी बातें को साझा करते हुए सभी का ज्ञान वर्धन किया। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक आशीष पांडे ने विद्यालयों के कर्तव्यों को विस्तृत रूप से बताते हुए समाज को बेहतर बनाने की अपील की। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने बच्चों के प्रति पूरे समाज की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा हम सब की पहली जिम्मेदारी है। यह समाज का वह तबका है जो अपने अधिकारों के लिए स्वयं आवाज नहीं उठा सकता। इसलिए बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। अंत में राज्य अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने अपने ऊर्जावान उद्बोधन में बच्चों को सुरक्षित यातायात मुहैया कराने से संबंधित सभी गाइडलाइंस और संबंधित समस्त पक्षों पर चर्चा परिचर्चा कर एक साझा समझ विकसित की। उन्होंने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति के लिए जिम्मेदारी नहीं हो सकती, इसके लिए सरकार, शिक्षक प्रशासन और अभिभावक सभी बराबर के हिस्सेदार हैं। कल का समाज हमें कैसा चाहिए इसकी तैयारी हमें आज से ही विद्यालयों में प्रारंभ कर देनी चाहिए।

उन्होंने सभी प्रधानाचार्य से अपील की के हम सब मिलकर व्यवस्था को सुधारने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे और निश्चित रूप से हमें सफलता भी मिलेगी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी हेमेंद्र सिंह, जिला समन्वयक राकेश शर्मा, रुचि त्यागी, मंच संचालिका पूनम शर्मा के साथ एसआरजी विनीता त्यागी, एआरपी अरुण पंवार, छविकांत, रेनू चौधरी, आरती वर्मा, अंजू सैनी, लता शर्मा व रुचि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# 'श्री गुरुनानक देव जी के वैदिक विचार' पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन




**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्री गुरुनानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में 'श्री गुरुनानक देव के वैदिक विचार' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह करोना काल में 465 वाँ वेबिनार था। मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र आहूजा विवेक (पूर्व राज्य ओषधि नियंत्रक हरियाणा) ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षायें सामाजिक सदभाव का संदेश देती है,वह जात पात से ऊपर उठकर मानव मात्र के उपकार व कल्याण की कामना करते हैं यही वेदों का संदेश की सर्वे भवन्तु सुखिनः। उन्होंने कहा कि बाबा नानक की शिक्षाओं से शिक्षा लेने और गुरुग्रन्थ साहिब में वेद विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि अलगाववाद के इस दौर में हमें बाबा नानक की शिक्षाओं से सीख लेनी चाहिए।गुरुग्रन्थ साहिब में अनेकों स्थानों पर वेद ज्ञान की चर्चा आती है। गुरुग्रन्थ साहिब में वेदों को ईश्वर प्रदत्त सत्य ज्ञान और उसके पालन करने योग्य बताया।इस विषय पर बोलते हुए बहुत से उदाहरण दिए और हिन्दू सिख एकता पर बल दिया।आज समाज विश्वबंधुत्व की भावना के साथ आगे बढ़ें और अलगाववाद समाप्त हो यही हमारी गुरु नानक देव जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी क केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी मानवता के पुजारी थे उसी से प्रेरणा लेकर सिख समुदाय विशाल लंगर लगाता है व करोना काल में उनकी सेवाएं अविस्मरणीय रहेंगी। उन्होंने आर्य समाज के महान सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद जी (संचालक गुरुकुल गौमत अलीगढ़) के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह हजारों आर्य युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे उनके निधन से एक योग्य सन्यासी की कमी सदा अखरती रहेगी। मुख्य अतिथि सरदार हरभजन सिंह देयोल (संयोजक राष्ट्रीय सिख संगत) व अध्यक्ष आर्य नेत्री मधु भसीन (प्रधान आर्य समाज सेक्टर 33,नोएडा) ने भी श्री गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं को अपनाने पर बल दिया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि सेवा परम धर्म है यही सिख धर्म का आधार है। इस मौके पर गायिका पिंकी आर्य, अंजू आहूजा, कृष्णा गांधी, कमला हंस, जनक अरोडा, प्रतिभा कटारिया, रविन्द्र गुप्ता आदि के मधुर भजन हुए।

# एक दिवसीय कराटे कैम्प का आयोजन



**गाजियाबाद।** कराटे वेलफेयर सोसायटी एवं आर आई सी टी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा राम नगर में आत्मरक्षा हेतु एक दिवसीय कराटे शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर वर्ग के युवा खासकर लड़कियों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के दावपेंच सिखा कर सक्षम बनाना है। इसी कड़ी में सोमवार को इस इस कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 80 से ज्यादा लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड के पार्षद पति मुनीश पंडित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कराटे और मार्शल आर्ट्स सदियों से पूरी दुनिया मे सिखाया जाता है और ये शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ आत्मरक्षा का बेहतरीन खेल है। आज के युग मे सभी को कराटे की ट्रेनिंग लेनी चाहिए चाहये वो लड़का हो या लड़की। बहुत सारे देशों में ये एक विषय के रूप है जिसे जरूरी सीखना ही होता है। सोसायटी समय समय पर इन शिविरों का आयोजन करती है। जिसमे बडी संख्या में लोग शामिल होकर दांव पेंच सीखते है। इस केम्प की ट्रेनिंग राजीव मुंडेलवाल ने अपनी सहयोगी प्रगीति सिंह शिशोदिया के साथ दी। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन संतोष कौशिक, योगेन्द्र कौशिक, अशोक कौशिक, नीलम, ज्योति, अंजलि गौरव, हरीश चावला, अमित चानना, पार्थ कौशिक, जानवी कौशिक इत्यादि उपस्थित रहे।


# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन रवाना



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 12 नवंबर को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेंद्र कुमार सिन्हा ने प्रचार-प्रसार वाहन को न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि उद्देश्य लोक अदालत की सूचना को जनमानस तक सुगमता से पहुंचाया जा सके व प्रत्येक जनमानस को सुलभ व सस्ता न्याय मिल सके। जनपद न्यायधीश ने कहा कि इस प्रचार का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ आमजन तक पहुँचना है ताकि आम नागारिक अपने मामलों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकें। यह प्रचार आम जनता में राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूकता लायेगा व राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वैवाहिक वाद, एम0वी0एक्ट व ई-चालान, आर्बिटेशन के वाद, लघु शमनीय वाद, भूराजस्व के वादों सहित प्रीलिटिगेशन स्तर पर बैंक के लोन सम्बन्धी, बीएसएनएल के बिलों के लोन मामले, विधुत, पानी बिल आदि मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नूतन दिवेदी ने कहा कि यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न तहसीलों, ब्लॉक, नगर पंचायतों व रेलवे स्टेशनों सहित अनेक स्थानो पर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेगा एवं आम जनता से अपने वादों को सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित कराने के लिए प्रेरित करेगी। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश आलोक पांडे, वात्सल्य श्रीवास्तव, प्रवेंद्र शर्मा, नोडल अधिकारी लोक अदालत/अपर जिला जज रामचंद्र यादव, अपर जिला जज रीता सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप चौधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूतन द्विवेदी व अन्य न्यायिक अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहें।

# उपराष्ट्रपति और भाजपा नेताओं की सुरक्षा में लापरवाही बरते जाने पर नपे पुलिसकर्मी

**ग्रेटर नोएडा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं की सुरक्षा में लापरवाही बरते जाने की बात सामने आई है। नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित सातवें इंडियन वाटर वीक के समापन के मौके पर शनिवार को तैनात किए गए बादलपुर व सेक्टर-63 थाना प्रभारी, आईटी सेल के निरीक्षक, महिला दरोगा समेत 15 पुलिसकर्मी गैरहाजिर रहे। निरीक्षण के दौरान नदारद मिले सभी पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। वहीं, डीसीपी ग्रेनो जोन अभिषेक वर्मा का कहना है कि पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर पहुंचने में देरी हो गई थी। बाद में वह ड्यूटी पर पहुंच गए थे। ग्रेटर नोएडा में 22



नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और 16 व 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है। आलाधिकारी सुरक्षा चाक चौबंद करने में जुटे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन का दौरा किया था। मुख्यमंत्री के जाने के बाद बीटा-2 थाना क्षेत्र में कार सवारों ने बेखौफ होकर 20 घंटे के भीतर लुहारली टोल के सुपरवाइजर और भाजपा नेता व कार्यकर्ता पर हमले की वारदात को अंजाम दिया था। अब एक्सपो मार्ट में इंडियन वाटर वीक के समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शनिवार को डीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में निरीक्षण व चेकिंग की गई। इस दौरान नदारद मिलने पर दो थानेदार, एक निरीक्षक, एक महिला दरोगा समेत 15 पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई।

# भुवनेश चौहान ने जीता सिल्वर मैडल जीतकर हरियाणा स्टेट का नाम किया रोशन



**बल्लभगढ़।** केरल में आयोजित टंग ली मोडो चैम्पियनशिप में भुवनेश चौहान ने सिल्वर मैडल जीतकर हरियाणा स्टेट का नाम रोशन किया है। वीके कृष्णा मैनन इंडोर स्टेडियम कालीकट में चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी, जिसमें कई राज्यों के ताइक्वांडो खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। इसमें बल्लभगढ़ के भुवनेश चौहान ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। भुवनेश चौहान को उसकी कोच शाहीन ने ट्रैनिंग दी थी। उसी के नेतृत्व में टीम केरल के कालीकट में आयोजित चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए गई थी। बता दें कि भुवनेश चौहान सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का छात्र है, जो शाहीन मार्शल एकेडमी में ताइक्वांडो की प्रैक्टिस करता है। छात्र ने घर से करीब 3500 किमी की दूरी पर जाकर शानदार प्रदर्शन कर शहर और घर परिवार का नाम रोशन किया है उससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। भुवनेश चौहान का कहना है कि उसका अगला टारगेट गोल्ड है और उसे पूरा भरोसा है कि उसे एक दिन देश के लिए मैडल जीतकर लाने में एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। मैडल जीतकर घर वापस आने पर फरीबाद के ओल्ड रेलवे स्टेशन पर भुवनेश चौहान के परिजन और अन्य लोगों ने उसका फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भुवनेश के पिता राजीव चौहान ने सभी को मिठाई बांटी और लोगों का आभार जताया। इस मौके पर अंजुल चौहान, संजय चौहान, अजय, विकास, अंशु देवी, सीलोन देवी आदि मौजूद रहें।

# दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 120 किमी घंटे की रफ्तार से दौड़ेगें वाहन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के राजीव चौक से जयपुर की दूरी 240 किलोमीटर है जबकि दिल्ली के धौला कुआं से यह दूरी 270 किलोमीटर है। धौला कुआं से जयपुर तक तीन घंटे में पहुंच सकेंगे। दिल्ली से जयपुर तक का सफर करने के लिए अभी तक लोग दिल्ली-जयपुर हाईवे और दिल्ली-सोहना-नूंह-अलवर के रास्ते का प्रयोग करते थे। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के साथ ही दिल्ली-जयपुर के बीच सफर करने वाले वाहन चालकों को सड़क मार्ग का तीसरा और सबसे बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हो जाएगा। एनएच-21 के जरिए पहुंचेगे जयपुर : दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की जयपुर से सीधी कनेक्टिंग नहीं है। यह एक्सप्रेवे दौसा से होकर गुजरता है, जहां से जयपुर की दूरी 60 किमी है। दौसा और जयपुर के बीच एनएच-21 है, जो दौसा से जयपुर जाने में मददगार होगा। दिल्ली और गुरुग्राम से जयपुर जाने वाले लोगों को दौसा में एक्सप्रेसवे से नीचे उतरना होगा और वहां से उन्हें गुलाबी शहर तक पहुंचने के लिए 4 लेन हाइवे का सफर करना होगा। आने वाले दिनों में इस रोड पर बढ़ते यातायात के



दबाव को ध्यान में रखते हुए बांदीकुई से जयपुर तक नए ग्रीनफील्ड 6-लेन हाइवे बनाया जा रहा है। 65 किमी लंबा हाईवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जयपुर रिंग रोड से जोड़ेगा। देश की राजधानी दिल्ली से आर्थिक राजधानी मुंबई तक इस एक्सप्रेस वे पर कई ऐसे शहर हैं जिन्हें देश का इकोनॉमिक हब कहा जाता है। यह ग्रीन कॉरिडोर इस पूरे हब को कनेक्ट करेगा। दिल्ली-एनसीआर के शहरों, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम से इस एक्सप्रेस वे की केएमपी-केजीपी और सोहना-गुरुग्राम हाईवे के जरिए कनेक्टिविटी होगी। गुरुग्राम से मेवात के रास्ते यह राजस्थान से जुड़ेगा। यहां से जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, अहमदाबाद, सूरत, भुरूच, वडोदरा और मुंबई जैसे शहर सीधे कनेक्ट होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 9 मार्च 2019 को इस एक्सप्रेस वे की आधारशीला रखी थी। उसके विभिन्न कारणों से तीन बार इसकी तय समय सीमा में बदलाव किया गया है। पहले इसका निर्माण नवंबर 2021 में पूरा होना था, लेकिन कोविड -19 ने रोक दिया। फिर मार्च 2022 इसकी समय सीमा तय की गई, बाद में इसे अप्रैल कर दिया गया गया। पूरे हाईवे की डेडलाइन अब जून 2024 तय की गई है।

# बरातघर और बैंक्वेट हॉल संचालकों को निगम से लेनी होगी एनओसी

**गाजियाबाद।** बरातघर और बैंक्वेट हॉल संचालकों को अब कार्यक्रम कराने से पहले नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। ऐसा नहीं करने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में 1200 से अधिक बैंक्वेट हॉल, बरातघर और मैरिज लॉन हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में पाया गया कि इन स्थानों से निकलने वाले कूड़े को नगर निगम को देने की बजाय कबाड़ बीनने वालों को दे दिया जाता है इससे कूड़ा चोरी छिपे इधर उधर फेंक दिया जाता है या कहीं ले जाकर जला दिया जाता है। इससे प्रदूषण की समस्या बढ़ती है और गंदगी भी फैलती है। नगर स्वास्थ्य





अधिकारी डा. मिथिलेश सिंह ने बताया कि बरातघरों, वैंक्क्वेट हाल संचालकों को कार्यक्रम आयोजन के पहले यह बताना होगा कि कूड़ा निस्तारण की उनके पास क्या व्यवस्था है। संतुष्ट होने पर एनओसी जारी की जाएगी। इसके साथ ही सफाई निरीक्षक मौके का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि बिना एनओसी के कार्यक्रम होता पाया जाएगा तो एक लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा।

# डेंगू मरीजों की जांच रिपोर्ट आ रही नेगेटिव, धरातल पर नहीं हो रहा कोई काम

**नोएडा।** जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी मिल रहे हैं, जिनमें डेंगू के लक्षण तो दिख रहे हैं, लेकिन जांच रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। बीते दिन 13 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सभी मरीजों का अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाई गई सेंटिनल लैब में इनकी जांच की गई है। अब तक 138 मरीजों की पुष्टि हुई है।

जिला अस्पताल की ब्लड बैंक प्रभारी डा. बिंदु का कहना है कि बुखार के ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिनके प्लेटलेट्स काउंट कम आ हैं, जबकि संक्रमण बताने वाले मार्कर टीएलसी के भी नीचे है। ऐसे मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है।





लेकिन इनकी डेंगू रिपोर्ट निगेटिव मिल रही है। इन्हें नान डेंगू वायरल सिंड्रोम बताकर इलाज कर रहे हैं। अन्य मरीजों में मलेरिया, वायरल बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। इमरजेंसी की बात करें तो हर दिन 10 से 12 बुखार के मरीजों में डेंगू के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। इनमें तीन से चार मरीज ही डेंगू के मिल रहे हैं, जबकि अन्य मरीजों में लक्षण तो डेंगू के हैं, लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। यही हाल सेक्टर-24 स्थित ईएसआइसी अस्पताल व सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआइ का है। जहां ऐसे सैकड़ों मरीज भर्ती हैं।

### कागजों में हुआ छिड़काव, फैल गए मरीज

शासन ने अभियान के तहत डेंगू प्रभावित इलाकों में छिड़काव के निर्देश दिए हैं, लेकिन विभाग ने कागजों में छिड़काव कर वाहवाही लूट रखी है। शहर में डेंगू तेजी से फैल गया। मलेरिया विभाग का कहना है कि अभियान चलाकर छिड़काव करने के साथ घरों और आसपास जमे पानी, टायर और गमलों को साफ करवाया जा रहा है। डेंगू से निपटने को विशेष टीम बनाकर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

वहीं, जिला अस्पताल में डेंगू के बेडों की संख्या को बढ़ाकर दस से 14 कर दिया गया है। वर्तमान में दो बेड पर डेंगू पाजीटिव मरीजों का इलाज चल रहा है। सीएमएस डा. पवन कुमार अरुण का कहना है कि भर्ती मरीजों की हालत स्थिर है। वार्ड में भर्ती मरीजों के इलाज के लिए सभी जरूरी दवाएं रखवा दी गई हैं।

### इस वर्ष विभिन्न बीमारियों के मिले मरीजों की संख्याः

| बीमारी | कुल रोगी |
|---|---|
| डेंगू | 138 |
| मलेरिया | 92 |
| चिकनगुनिया | 3 |
| स्क्रब टाइफस | 11 |

# शौचालय बदहाल, नहर निगम नहीं ले रहा कोई सुध




**साहिबाबाद।** निगम की अनदेखी से स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लग रहा है। एक तरफ तो निगम की टीम स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। दूसरी तरफ शौचालय बदहाल हैं और निगम अधिकारी उनकी सुध नहीं ले रहें हैं। वैशाली सेक्टर 4 वार्ड 77 का अंबेडकर पार्क है और इसमें सार्वजनिक यूरिनल है जिसका बुरा है। आरोप है कि गंदगी के कारण चारों तरफ बदबू फैली हुई है और लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। आरोप है कि निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है।समाजसेवी सुनील वैध ने नगर निगम में इसकी शिकायत भी कर दी है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को भी गन्दगी के बीच से होकर आना जाना पड़ रहा है। इसके अलावा जीटी रोड शिव मंदिर के पास काफी समय से स्मार्ट शौचालय का ताला नहीं खुला है। जिससे आसपास के लोग खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। आरोप है कि निगम में शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है।

जीटी पर श्याम पार्क एक्सटेंशन के सामने शिव मंदिर के पास नगर निगम का स्मार्ट शौचालय है। यहां लोगों को साबुन, टॉवल, हैंड सेनिटाइजर और अन्य तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। लेकिन करीब 15 दिन से शौचालय का ताला नहीं खोला गया है। नाम न छापने की शर्त पर केयर टेकर ने बताया कि एक तो कम वेतन मिलता है वह भी ठेकेदार समय पर नहीं दे रहा है। ऐसे में परिवार की गुजर बसर करना मुश्किल हो रहा है। निवासी रोबिन शाह ने बताया कि निगम ने शौचालय को भले ही स्मार्ट नाम दे दिया है। लेकिन शौचालय पर हर समय ताला लटका रहता है। इलाके के अधिकांश लोग खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। कॉलोनी में रहने वाले आकाश ने बताया कि स्मार्ट शौचालय पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी रहता है। निगम अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

### यहां जरूरी संसाधन नहीं

करहेड़ा का स्मार्ट शौचालय तो खुला है, लेकिन इसमें जरूरी सामान नहीं है। ठेकेदार ने हाथ साफ करने के लिए पिछले महीने लिक्विड की जगह पाउडर भेजा है। स्मार्ट शौचालय में सैनिटाइजर, तौलिया और साबुन की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा साहिबाबाद एफओबी के पास, सूर्य नगर व बृज विहार के पास भी शौचालय की व्यवस्था राम भरोसे है। आरोप है कि शौचालय की देखरेख में लापरवाही बरती जा रही है। जिससे जरूरतमंद लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। उधर डॉ मिथलेश कुमार सिंह का कहना है कि शौचालय बंद होने की कोई शिकायत नहीं मिली है। टीम के साथ शौचालयों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कुत्तों ने सोसायटी में दो लोगों पर किया हमला



**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक स्थित पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी में मंगलवार को चार आवारा कुत्तों ने महिला व बच्चे पर हमला किया। बच्चे को गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद सोसायटी के लोगों ने आवारा कुत्तों को खाना डालने वाले रेजिडेंट्स के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि इन सभी लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत देंगे। पंचशील सोसायटी में कृति पांडेय परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति चमन पांडेय आइटी कंपनी में कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह कृति पांडेय सोसायटी के बेसमेंट में पहुंचीं। तभी चार कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। उनके चेहरे, नाक व हाथ पर काटा। शोर सुनकर अन्य लोग पहुंचे और उन्हें कुत्तों से बचाया। वहीं रात करीब आठ बजे आइटी कंपनी में कार्यरत अभिषेक का तीन वर्षीय बेटा अर्थव ग्राउंड फ्लोर पर खेल रहा था। मां नेहा उसके साथ मौजूद थी। वह मां का हाथ छुड़ाकर खेलते हुए अचानक बेसमेंट में पहुंच गया। वहां मौजूद चार आवारा कुत्तों ने बच्चे पर हमला करते हुए कमर व चेहरे पर काट लिया। मां नेहा ने अन्य रेजिडेंट्स की मदद से उसे कुत्तों से किसी तरह बचाया। बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत सामान्य बनी हुई है। मंगलवार रात अनिल शर्मा, आरके राठी समेत काफी संख्या में रेजिडेंट्स सोसायटी में एकत्र हो गए। उन्होंने सोसायटी में कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि कुछ रेजिडेंट्स बेसमेंट में कुत्तों को खाना खिलाते हैं। इसी कारण बेसमेंट में कुत्तों एकत्र रहते हैं। उन्हीं के कारण उपरोक्त घटनाएं हुई हैं। सोसायटी में कुत्तों को खाना खिलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए।

## यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गाजियाबाद का दौरा किया



**गाजियाबाद।** यूपी के मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गाजियाबाद का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने की परंपरा खत्म हो, यदि किसी मरीज को रेफर किया जा रहा है तो उसका कारण भी स्पष्ट किया जाए, जिससे कि यदि संसाधन या चिकित्सक की कमी हो तो उसे पूरा किया जा सके। गाजियाबाद में डेंगू, मलेरिया के मरीजों के बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक गाजियाबाद पहुंचे।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार से डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण महाअभियान की शुरूआत की जाएगी, जिसमें घर-घर जाकर मरीजों का उपचार किया जाएगा, उनको दवाएं दी जाएंगी। जिससे कि मरीजों को अस्पताल न आना पड़े।

यदि किसी मरीज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता है तो वहां पर भी उपचार और दवा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। जिले के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और संसाधनों की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी, सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि वह चिकित्सकों की कमी हो तो इस संबंध में शासन को पत्र लिखकर सूचित करें, चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए यदि दूसरे जनपद से संसाधनों की आवश्यकता होगी तो उसे मुहैया कराया जाएगा।

कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक कर संजयगनर स्थित संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री ने डेंगू वार्ड में जाकर मरीजों के बारे में जानकारी की, उनसे पूछा कि स्वास्थ्य कैसा है, कोई दिक्कत तो नहीं है? दवाएं तो समय पर मिल रही हैं। मरीजों ने बताया कि उनको कोई परेशानी नहीं है, अस्पताल में बेहतर उपचार हो रहा है।

## सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव को किया याद



**साहिबाबाद।** ज्ञानपीठ केन्द्र स्वरूप पार्क जी0टी0 रोड के प्रांगण में लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 विशन लाल गौड़ पूर्व प्राचार्य रहे। संस्था के संस्थापक मुख्य वक्ता शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि गुरु नानक देव जी के बारे में कहा जाता है कि ह्नसतगुरु नानक प्रकट्या मिट्ठी धुंध जग चानण होयाह्न इसका तात्पर्य है कि देश, समाज में व्याप्त असमानता, छुवाछूत, उंच-नीच, रूढ़िवाद, धार्मिक पाखंड, जातिवाद, अहंकार, शोषण को अंधकार माना, तथा सारा जीवन इस अन्याय, अत्याचार, को मिटाने के लिए तथा समाज में प्रेम, सद्भाव, भाईचारा, त्याग कि भावना को जानना प्रकाश फैलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक 'नूर ते जब जग उपजै, कौन भले, कौन मंदे' कोई न छोटा है, न बड़ा है, सभी बराबर है, हमे जरूरतमन्द, पीड़ित, शोषित, वंचित की मदद करनी चाहिए। हमें उनके प्रति करुणा, दया, रखनी चाहिए, जिन्हे सामंतवादी व्यवस्था ने दुख दिया। विनम्रता मानव का सबसे बड़ा गुण है, नम्रता को कभी न छोड़ें। आज 21 वीं सदी में भी हम रूढ़िवाद, धार्मिक पाखंड, जातिवाद और अनाचार, अत्याचार, शोषण के शिकार है, समाज में नफरत, असहिष्णुता का वातावरण बन रहा है, गरीबी-अमीरी की खाईं बढ़ती जा रही है, अशिक्षा फैल रही है, चिकित्सा की हालत देश में इतनी खराब है। हम यदि गुरुओं के बताए रास्ते पर चलकर सबको समान समझेंगे, तभी उनके प्रति हम कृतज्ञ होंगें। कार्यक्रम में सभी गणमान्य विद्वानों, भाई-बहनों ने गुरु नानक देव जी महराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे स्मरण किया, तथा उनकी शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन इंजी0 धीरेन्द्र यादव ने किया। वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि 'मानवता एवं समाज के वंचित, पीड़ित, अंतिम व्यक्ति की सेवा का संदेश गुरु नानक देव जी महराज ने दिया, हम आडंबर, पाखंड में भगवान को ढूंढ रहे है, वह आप के हमारे अंदर है। सेवा, त्याग, बलिदान से ही हम शोषण मुक्त समाज बना सकते है, यही ईश्वर की सेवा है।

## मोरटी कम्पोजिट विद्यालय का एसबीआई ने किया पुनरोत्थान




**गाजियाबाद।** एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय गाजियाबाद द्वारा सीएसआर के तहत मोरटी कम्पोजिट विद्यालय का पुनरोत्थान किया गया। योजना के तहत स्कूल की साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई। इसके साथ ही बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक सीएस वोहरा ने आगे भी दूसरे स्कूलों के पुनरोत्थान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के स्कूलों में जरूरत की चीजें मुहैया कराई जाएंगी ताकि बच्चों का विकास हो सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने एसबीआई का आभार जताया। इस मौके पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक नीरज कुमार, प्रवीन कुमार, सर्वेश कुमार, एबीएसए और स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.